मरुधरा का मान-स्वच्छता सम्मान-समारोह-2023

चर्चा में क्यों?

17 मई, 2023 को राजस्थान पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बताया कि जयपुर में स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सभागार में ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय की ओर से 'मरुधरा का मान-स्वच्छता सम्मान समारोह-2023' आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग ने राजीविका के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वच्छता सखी के रूप में तैयार किया गया है। यह नवाचार आगे भी जारी रहेगा व स्वच्छता के अभियान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में सराहनीय कार्य करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
- 'Retrofit to Twin Pit' अभियान में सराहनीय कार्य करने पर समारोह में बीकानेर को प्रथम, सवाई माधोपुर को द्वितीय व जैसलमेर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- इसी क्रम में मॉडल विलेज श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने पर उदयपुर को प्रथम, श्रीगंगानगर को द्वितीय व सिरोही ज़िले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में स्टार कैटेगरी की श्रेणी में सिरोही ज़िले को प्रथम, पाली को द्वितीय व उदयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में ओ.डी.एफ. प्लस श्रेणी में 01 अक्टूबर, 2022 से 30 अप्रैल, 2023 तक अधिक प्रगति प्राप्त करने वाले ज़िले में उदयपुर प्रथम, जयपुर द्वितीय व भरतपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- 'मरुधरा का मान-स्वच्छता सम्मान समारोह-2023' में स्वच्छता से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' से सम्मानित किया गया।
- गाँव को उत्कृष्ट श्रेणी में ओ.डी.एफ. प्लस बनाने में ग्राम पंचायत सुवांसा, पंचायत समिति तालेड़ा, ज़िला बूँदी की सरपंच प्रियंका गोस्वामी, ग्राम पंचायत खैरवाड़ा, पंचायत समिति खैरवाड़ा ज़िला उदयपुर की सरपंच लक्ष्मी देवी अहारी व प्लास्टिक कचरा प्रबंधन श्रेणी में ग्राम पंचायत कनौज, पंचायत समिति भिदेसर, ज़िला चित्तौड़गढ़ की महिला सरपंच मंजू देवी जागेटिया का योगदान सराहनीय रहा।
- ग्रे-वाटर प्रबंधन में ग्राम पंचायत नाडोल, पंचायत समिति देसूरी, ज़िला पाली की सरपंच फुल कँवर व ग्राम पंचायत ताखोली, पंचायत समिति टोंक, ज़िला टोंक, जैविक अपघटनीय अपशिष्ट श्रेणी में ग्राम पंचायत लखा हाकम, पंचायत समिति रायसिंह नगर, ज़िला श्रीगंगानगर की ग्रामीण महिला तारावंती व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के घटकों की मॉनिटरिंग में सराहनीय कार्य करने पर सुमन चौधरी को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marudhara-ka-maan-swachhta-samman-samaroh-2023